सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **17**
**07/01/2026**

# राज्यपाल ने श्री न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलायी

पटना 07 जनवरी, 2026 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने श्री न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू को पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद की शपथ दिलायी।

बिहार लोक भवन, पटना में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा व अन्य मंत्रीगण, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीशगण, पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण, वरीय पदाधिकारीगण तथा अन्य महानुभावगण उपस्थित थे।

.........................................